३. यदि स्त्रियों और बच्चों को **खाँसी के साथ बलगम** आता हो तो तुलसी की पत्तियों के रस (१ चा.चम्मच) मे शहद मिलाकर उन्हें सेवन कराया जाता है। (स्था.स्वा.पं)

४. यदि गर्भवती महिला, जच्चा (नवजात शिशु की माँ) और छोटे बच्चे को **अजीर्ण, बुखार, शरीर मे दर्द और दस्त** हो जाय तो तुलसी के पूरे पौधे को सोंठ के साथ पानी में उबालकर काढ़ा बनाकर (४-६ चा.चम्मच) की मात्रा में उन्हें सेवन करने को देना चाहिये।

५. यदि बच्चों को **चेचक / मसूरि** हो जाय, किसी **विषैले पदार्थ का असर** हो जाय या **पेट में कीड़े** हो गये हो तो तुलसी की ताजी पत्तियों का रस उन्हें पीने को दिया जाता है। (स्था.स्वा.पं)

दामन-पापड़ा (पर्पटकम्)

बोटानिकल नाम : ओल्डेनलाण्डिया कोरिम्बोसा, लिन

संस्कृत नाम : पर्पटकम्

मलयालम : पर्पटक पुल्लु

तमिल : परपादगम

हिन्दी नाम : दामन - पापड़ा, ताफ़ - झाड़

तेलुगू : परपादकम

बंगाली : जालपारा, गिम साग

मराठी : पित्तपापडा



प्राप्ति स्थान : यह एक छोटा औषधीय पौधा है
पूरे भारत की परती भूमियों पर उगाया जाता है।

उपयुक्त भाग : पूरा पौधा

उपयोग :

१. दामन पापड़ा का पूरा पौधा सुखाकर उसका चूर्ण बना लिया जाता है। यदि बच्चों को **बुखार** आ जाये, या वो **पीलिया रोग** से ग्रसित हो जायँ तो यह चूर्ण पानी में उबालकर ६-१२ चा. चम्मच की मात्रा से उन्हें सेवन कराने से लाभ होगा। (आ.चि)

२. बच्चों को यदि **चेचक** निकल आये तो दामन पापड़ा पानी के साथ उबालकर वह पानी उन्हें पीने के लिये दिया जाता है। (स्था.स्व.पं.)

३. दामन पापड़ा का पूरा पौधा हल्दी के साथ पकाकर **प्रसव के बाद गर्भाशय की शुध्दि** के लिये जच्चा (नवजात शिशु की माँ) को भोजन के साथ खाने के लिये दिया जाता है। (स्था.स्वा.पं)

धनिया (धान्यकम्)



बोटानिकल नाम : कोरियान्ड्रम सटैवम, लिन

संस्कृत नाम : धान्यकम्

मलयालम : मल्ली

तमिल : कोत्तमल्ली

हिन्दी नाम : धनिया, धान्य

बंगाली : धाने

गुजराती : धाना

तेलुगू : कोतिमेरी

कन्नडा : कोतम्बरी - बीजा

मराठी : धने

उगाने का स्थान : यह एक छोटा खुशबूदार पौधा है और पूरे भारत में इसे उगाया जाता है।

उपयुक्त भाग : बीज

उपयोग :

१. छोटे बच्चों को यदि **खाँसी, अजीर्ण (बजहज़मी) या कब्ज़ हो जाय तो** धनिया के बीजों का चूर्ण बनाकर आधा चा.चम्मच की मात्रा में उन्हें खाने को दिया जाता है।

२. नवजात शिशु की माँ (जच्चा) के **शरीर और पेडू (पेट के निचले भाग) के दर्द को ठीक** करने के लिय १-२ चा.चम्मच धनिया का चूर्ण पुराने गुड़ के साथ मिलाकर खाने को दिया जाता है। (स्था.स्वा.पं)

३. यदि बच्चों को **पेशाब करने में दर्द, जलन या कड़क जैसी तकलीफ़ हो,** धनिया के बीजों का १ चा.चम्मच चूर्ण नारियल के पानी के साथ खाने दिया जाता है। (स्था.स्वा.पं)

४. यदि गर्भवती स्त्रियों को **उल्टियाँ** आती हो तो १-२ चा. चम्मच धनिया के बीजों का कल्क बनाकर पुराने चावलों को लपसी की तरह मिला दें और चीनी डालकर खाने को दें। (चि.मं)

धाई (धातकी)



बोटानिकल नाम : वुडफोर्डिया फ्रुटिकोस कृस

संस्कृत नाम : धातकी

हिन्दी नाम : धाय, धवई के फूल, महुवा

मलयालम : तातिरी-पूवु

तमिल : धातरि, वेलक्काय

गुजराती : धावदिना, धावणी

तेलुगू : धातकी, सिरिज, धातुकी पुड, पुव्वु जार्गि

मराठी : धावस, धायटी, धासरी

बंगाली : धाईफूल

पंजाबी : धावि, धार

कन्नडा : धायिफुल

उपयोगी अवयव : फूल

उपयोग :

१. धाय के फूल, चिनी और लाजा का प्रवाही बनाया जाता है। इससे **बालकों की भूख बढती है और गाढा मल आता है। (स्था.स्वा.प)**

२. धाय के फूल का चूर्ण (१-२ चा.चम्मच) मधु (आधा चम्मच) के साथ **बालको के अतिसार में दें। (स्था.स्वा.पं)**

३. **श्वेतप्रदर में** धाय के फूल का चूर्ण (२-३ चा. चम्मच) मधु (आधा चम्मच) के साथ दिया जाता है। (अ.हृ)

४. **जले हुए अवयव पर** धाय के फूल का चूर्ण (१-२ चा.चम्मच) का लेप बनाकर तिल तैल के साथ लगायें।

५. धाय के फूल का चूर्ण समभाग आँवले के फल के चूर्ण के साथ **मसूडों पर रगडने से बच्चों मे दाँत जल्दी निकल आते है। (अ.हृ)**

पिठवन (पृश्निपर्णी)

बोटानिकल नाम : डेस्मोडियम् गाञेटिकम्

संस्कृत नाम : पृश्निपर्णी

हिन्दी नाम : पिठवन, दौला, पृश्निपर्णी, डावडा, पिटौनी

मलयालम : ओरिला

तमिल : कोला-पोत्रा, पुल्लाडि, ओरिला

गुजराती : राणाग्ञज्, पृष्ठिपर्णी

तेलुगू : कोलाकुपात्रा, कोलकु-पोत्रा

मराठी : पिठवन, डवला

बंगाली : चाकुलिया, चाकुले

कन्नडा : नाबियालबोने, तोरेमोड, नरिमलवोने

उपयोगी अवयव : मूल (कंद)

उपयोग :

१. यदि **माता का दूध आवश्यक मात्रा मे नहीं आता हो तो** ६० ग्राम पिठवन की जड़, एक लीटर बकरी के दूध में उबालकर **बच्चें को** वह दूध (६-१२ चा.चम्मच) दिन मे तीन या चार बार दिया जाता है। (आ.चि)

२. **हृदय को बल देने के लिये बच्चें को** इसका क्वाथ ६० ग्राम दिया जाता है। (प्रमाण ६-१२ चा.चम्मच दिन में दो या तीन बार) (अ.हृ)

३. गर्भावस्था के सातवे मास में पिठवन के क्वाथ और कल्क से घृत तैयार किया जाता है। यह **घृत गर्भिणी को गर्भ की पुष्टि** के लिए एक चम्मच दे। (घृत बनाने की विधी देखिए) (अ.हृ)

४. **बच्चों की सूजन में पिठवन मूल, पुनर्नवा की जड़,** आँवला फल, मोथा जड़ और अजवायन के बीज का क्वाथ शक्कर के साथ (६-१२ चम्मच) दो या तीन बार दिया जाता है। (क्वाथ बनाने की विधी देखिए) (स)

पीपर, पिप्पली (पिप्पली)



बोटानिकल नाम : पैपर लोन्गम् लिन्

संस्कृत नाम : पिप्पली

हिन्दी नाम : पिप्पलि - मूल, पैपल, पीपरमूल, पीपर

मलयालम : तिप्पली

तमिल : तिप्पलै, पिंपिल

गुजराती : पैप्र, पिली, लिंडिपीपल

तेलुगू : पिप्पलु

कन्नडा : पिप्पली, इप्पली

पंजाबी : पिंपळी

मराठी : पिंपली

उपयोगी अवयव : फल

देश और हवामान : समग्र भारत में यह लता पायी जाती है।

उपयोग :

१. **प्रसव के बाद श्रांन्त हुए अवयवों को पूर्ववत कार्यरत करने** के लिए यह पौधा उपयोगी है। पिप्पली फल का चूर्ण (१ चा. चम्मच) थोडी मधु के साथ दो हफ़्ते तक खाए **यह गर्भाशय शुध्दिकर है।** (आ.चि)

२. चावल को ज्यादा पानी के साथ पकाकर उसके साथ मिर्च और पिप्पली का चूर्ण थोडी मात्रा में मिलाकर माता को दिया जाता है। यह **यकृत् और प्लीहा** पर काम करता है, और **खून और भूख बढाता है।** (स्था.स्वा.प)

३. **खांसी, दमा और अजीर्ण में** सूखी पिप्पली का चूर्ण (आधा चम्मच - एक चम्मच) के साथ उपयोगी है। (सि.नि)

पीपल (अश्वत्थम्)

बोटानिकल नाम : फाइकस रिलीजिओसा, लिन

संस्कृत नाम : अश्वत्थ, बोधिद्रुम पिप्पल

मलयालम : अरयाल - मरं

तमिल : अरासू

हिन्दी नाम : पीपल, अश्वत्थ

बंगाली : पीपल, अश्वधा

पंजाबी : पीपल, भोर

तेलुगू : रावी, अश्वधा, पिप्पालि

मराठी : पिंपळ, पार

प्राप्ति स्थान : यह एक बड़ा पेड़ होता है और पर्णपाती जंगलों में पैदा होता हैं यह बगीचों और धार्मिक स्थानों में अकसर लगाया भी जाता हैं।

उपयुक्त भाग : तने की छाल और पत्तियों की कोमल कोंपलें।

उपयोग :

१. इसकी छाल को पानी के साथ पकाकर काढ़ा बना लिया जाता है और पानी से **नवजात शिशु को नहलाने** के काम में लाते है। बच्चों को त्वचा **रोग हो जाने पर रोग ग्रस्त भागों को धोने के लिये भी इस पानी का इस्तेमाल करते है।** (अ.हृ)

२. बच्चों के **काने में यदि दर्द** हो जाये तो कोमल अनखुली कोंपलों का तेल बना कर (१-२ बुँदें) तेल कान में डालते है। (सि.औ)

३. यदि बच्चों को **रात के समय बुखार** आता हो तो पीपल की कोमल अनखुली कोंपलों का काढ़ा **गाय के दूध** में मिला कर ४-८ चा.चम्मच की मात्रा में बच्चों को पिला दिया जाता है। (चि.मं)

४. स्त्रियों के **श्वेत प्रदर** और **रक्त प्रदर** में पीपल की छाल, वट (फिक्कस बोंगालेंसिस) की छाल का काढ़ा उन्हें पीने को दिया जाता है। बच्चों को **त्वचा रोग** होने पर भी इस काढ़े से रोग ग्रस्त भागों को धोया जाता है।

साँठ (पुनर्नवा)

बोटानिकल नाम : बोरहेविया डिफ्युस् लिन्

संस्कृत नाम : पुनर्नवा

हिन्दी नाम : साँठ, गदहेपूर्णी, गदहपूरना

मलयालम : तषुताम्मा

तामिल : मुकुकरटै, तलुताम्मा, मुकरतैकीरे

गुजराती : साटोडी

तेलुगू : अट्टतमामिडी, गलजीरु, अतिकाममेट्टी

मराठी : पुनर्नवे, घेंटुकी

बंगाली : पुननर्वा

पंजाबी : इटासिटा

कन्नडा : कट्टलिंगदा, मुस्साब्बर

असामीया : येल्वा

उपयोगी अवयव : समग्र पौधा

उपयोग :

१. पुनर्नवा के पत्ते **प्रसव के बाद पीलिया को रोकने और ठीक करने** के लिए **सब्जी के रूप में** दिये जाते हैं।

२. **प्रसव के बाद यदी रक्त स्राव हुआ हो तो पीलिया (पाण्डुता) को रोकने के लिये** प्रसुता को पुनर्नवा के जड का क्वाथ (आधा कप) दे। (आ.चि)

३. **प्रसव के समय होते दर्द को कम करने के लिए और अवयवों को बल** देने के लिए पुनर्नवा की जड का क्वाथ (आधा कप) दिन मे दो बार भोजन के पहले उपयोग किया जाता है। (स्था.स्वा.प)

४. **मूत्र कठिनाई से या कम उतरता हो तो** पुनर्नवा के जड का क्वाथ (आधा-एक कप) दे। (अ.हृ)

५. **यदी प्रसव के बाद सूजन हो तो** पुनर्नवा जड का (आधा कप) क्वाथ (एक चम्मच) सोंठ के साथ दे। (च.द)

६. **बालकों की खाँसी में यदी कफ बाहर निकलता हो तो** (एक चम्मच) पुनर्नवा की जड और (एक चम्मच) बच के साथ मिलाकर उसका कल्क बनाकर थोडे घृत के साथ सेवन करे। (आ.चि)

७. **बच्चों को यदी कामला हो तो** पुनर्नवा की जड का कल्क बनाकर (आध-एक कप) नारियल का पानी के साथ मिलाकर सेवन करें।

बच (वचा)



बोटानिकल नाम : आक्कोरस् कलामस् लिन्

संस्कृत नाम : वचा

हिन्दी नाम : बच, खुरासानी वच, सफेद वच

मलयालम : वयम्बु

तमिल : वशमबु

गुजराती : घोडावज, बालाबच, खुरसाणीवच

तेलुगू : वदजा, वडज, नल्लवस

मराठी : वेखंड

बंगाली : वच, खोरासानी वच, वासा

कन्नडा : वच, बिलीयवजे

उपयोगी अवयव : मूल

देश और हवामान : चिकने कीचड वाले प्रदेशों में मणिपूर, नागालेण्ड और मैसूर में उगाया जाता है।

चेतावनी : अधिक मात्रा में न ले क्यों की ये वमन कारक है।

उपयोग :

१. बच के मूल का चूर्ण (१-२ ग्राम) **बच्चों को मधु** (आधा चम्मच) के साथ दिया जाता है। इससे **यादशक्ति, बुध्दि और रोग प्रतिकारक शक्ति** उत्पन्न होती है। (स्था.स्वा.प)

२. बच मूल का चूर्ण (१-२ ग्राम दो या तीन बार) **बच्चों को** मधु (आधा चम्मच) के साथ **अतिसार, खाँसी और दमा में दिया जाता है। (अ.ह)**

३. इसका मूल गले की **अस्वस्थता, दमा, और खाँसी में** चबाया जाता है। (स्था.स्वा.प)

४. किसी भी **संक्रामक रोग में** मूल बार बार खाया जाता है। (स्था.स्वा.प)

५. जलाए हुए मूल का चूर्ण (१-२ ग्राम) लेने से **बालकों का अतिसार और पेट का दर्द मिट जाता है। (वे.म)**

६. इसके मूल का चूर्ण **पथरी में मूत्रल (पेशाब लाने वाले)** रुप में लिया जाता है। और बच्चों के लिए कृमिहर भी है।

७. बच का ताजा स्वरस **कान के दर्द में डाला जाता है।** (प्रमाण २-३ बुंदे) (स्था.स्वा.प)

बड़(वट)

बोटानिकल नाम : फैकस बेंगालेंनसिस, लिन

संस्कृत नाम : वट

मलयालम : पेराल

तामिल : आल-मरम, वड़

हिन्दी नाम : बड़

बंगाली : बरगद

कन्नडा : अलादामारा

गुजराती : वड़

तेलुगू : मरी - चेट्टू

मराठी : वट, वड

प्राप्ति स्थान : यह एक बडा पेड है और पर्णापाती चट्टानी जंगलों में उगता है।

उपयुक्त भाग : छाल, पत्तों की कलियाँ (पत्ते जो खुले ने हो)

उपयोग :

१. ४० ग्राम बगैर खुले पत्तें, १० ग्राम चन्दन की लकड़ी और १० ग्राम अंगूर, इन चीजों का काढ़ा बनाकर **गर्भपात को रोकने** के लिये गर्भवती महिला को पीने को दिया जाता है। (१२ चा.चम्मच)

२. यदि गर्भवती महिला को **उल्टियाँ** आती हो या **हिचकी** आ रही हो तो अनखुले पत्तों का रस १० ग्राम, यष्टिमधु (ग्लिसरैजा ग्लैब्रा) के चूर्ण और २० ग्राम भुने हुए चावल के साथ मिलाकर खाने को दिया जाता है।

३. **अपरिपक्व गर्भपात** को रोकने के लिये बड़ की खिलती हुई कलियों के ताजे रस को गाय के दूध मे मिलाकर ७ बूँदे गर्भवती महिला की नाक में डाली जाती है। (अ.हृ)

४. **अपरिपक्व गर्भपात** को रोकने के लिये बड़ के अनखुले पत्तों की कालियों का रस या गाय के दूध के साथ पत्तों की कलियों का तैयार किया गया काढ़ा (१२ चा.चम्मच) की मात्रा से गर्भवती महिला को सेवन कराया जाता है।

बिलाई-कन्द (विदारी)

बोटानिकल नाम	:	एपोमिया डिजिडाडा लिन्
संस्कृत नाम	:	विदारी
हिन्दी नाम	:	बिलाई कंन्द, विदारी - कंद, इधबिहारी, बिलारी
मलयालम	:	पालमुतुक्किन - किषंगु
तमिल	:	पालमोदिका, निला - पूचानि
गुजराती	:	विदारे-कंन्द, बुमि-कोला, पट, भोकालु
तेलुगू	:	मट्ट-फलटिंग, नेलगुम्मुडु मट्टमलतिग, बेलगुंबुडु
ओरिया	:	भूमि-कुमारा
कन्नडा	:	बुझंगुबला, नाइ-कुम्बला, नेलकुबला
मराठी	:	विदारी कंद, भूई कोहला
बंगाली	:	भूईकुम्डा

उपयोगी अवयव : मूल (कंद)

देश और हवामान : भारत के सभी उष्ण प्रदेशों में खास कर गीले स्थानें में पाया जाता है। बंगाल और आसाम में अधिक मात्रा में उपलब्द है।

उपयोग :

१. मांसल कंदो का चूर्ण १५-२० ग्राम एक कप दूध के साथ **आरोग्यार्थ और वजन बढाने के लिए माता और बच्चों को दिया जाता है। (स्था.स्वा.प)**

२. **स्तनों का दूध बढाने के लिए** इसके कंद का चूर्ण (३-४ चा.चम्मच) एक कप दूध के साथ दिया जाता है। (स)

३. **वन्ध्यावस्था और गर्भस्राव में** विदारीकंन्द का क्वाथ (१२ चा.चम्मच) एक कप दूध और थोडा शक्कर के साथ दिया जाता है। (अ.हृ)

बरियार (बला)



बोटानिकल नाम : सिडा रेट्रयूसा लिन्

संस्कृत नाम : बला

हिन्दी नाम : बरियार, कुन्गी

मलयालम : कुरुतोट्टी

तमिल : वातातिरुप्पाय, कुरुनतोट्टी

गुजराती : बोन-मेति

तेलुगू : टेल अनटिस, मुर्पिडी, चिरिबेन्डा

मराठी : चिकणा, मुद्रिका, पेरागी

बंगाली : बेडेला, बेला

पंजाबी : सिमक

कन्नडा : किस्नगि, बेणेगरग, किसंगी

उपयोगी अवयव : मूल पंचांग

देश और हवामान : दक्षिण भारत, बंगाल और गुजरात के सूखे प्रदेशों में पाया जाता है।

उपयोग :

१. इसके मूल से तैल बनाया जाता है। मूल और दूध तिल तैल के साथ उबाले जाते है। सारे पानी का बाष्पीभवन हो जाना चाहिये। यह तैल **बालक के तुरन्त जन्म के बाद उसके शरीर पर मलाना** चाहिये। यह **बच्चों की मांसपेशीओं की थकावट प्रसव का श्रम और बाहरी हवा से सीधे सम्पर्क होने की कठिनाईयों को दूर करता है।** (तिल बनाने की विधी अन्त में देखिये) (अ.हृ)

२. बलामूल का क्वाथ (१२ चा.चम्मच) **प्रसव के बाद स्त्रियों की थकान, बुखार** के दर्द को कम करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। (अ.हृ)

३. **गर्भपात रोकने और सुरक्षित प्रसव के लिए** इसके मूल का क्वाथ (१२ चा.चम्मच) दूध के साथ **गर्भावस्था में** दिया जाता है।

४. इसके मूल का काढा बनाकर उससे घी सिध्द करें। इसको **गर्भपात रोकने के लिए उपयोग में लें।** (घी बनाने के विधि देखिये)

५. बला मूल का चूर्ण (१-२ चम्मच) मधु (आधा चम्मच) और एक कटोरी दूध के साथ **गर्भाशय से होनेवाले रक्तस्राव में पियें। (वे.म)**

६. **बच्चों के आक्षेपक और मिर्गी (अपस्मार)** के दौरों में बलामूल का कल्क (२-३ चा. चम्मच) ताजे मक्खन के साथ मिलाकर सिर के बीच में मलें। (आ.चि)

बेल (बिल्व)



बोटानिकल नाम : ऐगिल मार्मिलोस कोर्

संस्कृत नाम : बिल्व

हिन्दी नाम : बेल

मलयालम : कूवलम

तमिल : विल्वम

गुजराती : बिल्वम, रिलोबिल

तेलुगू : बिल्वम, मारेडु चेट्टू

कन्नडा : बेलपत्ति, बेल्लु

बंगाली : बेल, बिल्व

मराठी : बेल फल

उपयोगी अवयव : मूल और फल

देश और हवामान : समग्र भारत में पाया जाता है ।

उपयोग :

१. कच्चे बेल के फल (६० ग्राम), इलायची (१ चा. तम्मच), चीनी (१ चम्मच) और लाजा (१ चम्मच) से प्रवाही आहार बनाएँ। यह **बच्चों की भूख कम होने पर और जन्म के बाद गाढा मल लाने के लिए प्रयोग में ले** (स्था.स्वा.प)

२. बेल की मज्जा का मांसल भाग सुखाकर उसका चुर्ण (१-२ चम्मच) कर उसका उपयोग **बच्चों के अतिसार और वमन में करें।**

३. बेल के पत्तों को स्वरस (१२ चा. चम्मच) तिल के तैल (२-३ कप) के साथ उबाले और इसका उपयोग **विशेषकर बच्चों के दर्द और कर्ण पाक में करें।**

४. बेल का मूल (४३ ग्राम) और मोथा (१५ ग्राम) इसका क्वाथ (१२ चा. चम्मच) दिन **में दो** या तीन बार) **उल्टी और अतिसार में उपयोग में लें (च.द)**

ब्राह्मी (ब्राहमी)



बोटानिकल नाम : बाकोपा मोनीर लिन्

संस्कृत नाम : ब्राहमी

हिन्दी नाम : ब्राहमी, वरंभी, चरेली

मलयालम : ब्राहमी

तमिल : नरे - ब्राहमी, वीमी, वल्लरीकेरी

तेलुगू : साम्ब्रानी - चेट्टू, मंडूकब्राम्मी

बंगाली : ब्राहमी - शाक, अधविर्णी, थुलतुडि, थालकुनि

मराठी : ब्राहमी

उपयोगी अवयव : समस्त पौधा

देश और हवामान: कीचडवाली भूमी और पोखरी (छोटा सा सरोवर) में पायी जाती हैं।

चेतावनी : इसके स्वरस का अधिक उपयोग विरेचन करता है।

उपयोग:

१) **प्रसव के बाद यदी आक्षेपक** हो जाए तो ब्राहमी का स्वरस (आधा कप) आँवले का स्वरस (३ चाय के चम्मच) के साथ दिन में तीन या चार बार उपयोग किया जाता है। (अ.हृ)

२) **बालकों की याद शक्ति, बुद्धि और मानसिक स्वास्थ्य के लिए ब्राहमी** स्वरस से पक्व घृत आधा चम्मच भोजन के पहले उपयोग करे।

३) **बच्चों के अपस्मार और हिस्टीरिया में** (दो चाय के चम्मच) ब्राहमी स्वरस थोडे गुड के साथ एक गिलास दूध के साथ दे। (चि.म)

४) ब्राहमी का स्वरस (दो चाय के चम्मच) थोडे गुड के साथ **बालकों के कब्ज में दे। (चि.म)**

भारङ्गी (भारङ्गी)

बोटानिकल नाम : क्लिरोडेन्ड्रन सरोटम, स्प्रिंग

संस्कृत नाम : भारंगी, भारङ्गी

मलयालम : चेरुतेक्कू

तमिल : चेरुतेक्रु

हिन्दी नाम : भारङ्गी

बंगाली : बामानहाटी

तेलुगू : गान्टा - बारंगी, नालनिरेदु

मराठी : भारंग

प्राप्ति स्थान : यह एक छोटा सा पेड़ होता है और भारत के दक्षिणी और पूर्वी भागों में पहाड़ी इलाकों में पाया जाता है।

उपयुक्त भाग : जड़

उपयोग :

१. भारंगी की जड़ो का काढ़ा बच्चों को **विषमज्वर में** लाभप्रद होता है। (मात्रा ४-६ चा.चम्मच) (अ.हृ)

२. बच्चों को **पोलियो हो जाने के कारण मांस पेशियों के क्षीणता और कमजोर** हो जाने पर भारंगी की जड़ो को **औषधीय तेल की मालिश की जाती है।** (३-४ चा.चम्मच) (भा.प्र.नि)

३. **गर्भनालीय प्रसव** के लिये ५ ग्राम भारंगी की जड़, १ ग्राम सेंधा नमक और २.५ ग्राम सोंठ (सूखा अदरक) का कल्क बनाकर खाने को दिया जाता है। (सि.औ)

४. भारंगी की जड़ ५ ग्राम, सेंधा नमक १ ग्राम, सोंठ १ ग्राम, इलायची १ ग्राम, सफ़ेद हींग २ ग्राम - इन सब चीजों को पीस कर चूर्ण बना लें। यदि **अजीर्ण हो जाय, पेट में दर्द हो जाय या वात विकार के कारण पेट फूल जाय, पेट में अफारा हो जाय तो** बच्चों को १ ग्राम और नवजात शिशु की माँ को ५ ग्राम मात्रा से खाने को दिया जाता है।

भूयी-आमला (भूमि-आमलकी)

बोटानिकल नाम : फ़िलान्थस निरूरी, लिन

संस्कृत नाम : भूमि - आमलकी

मलयालम : कीऴार - नेल्ली

तमिल : कीऴा - नेल्ली

हिन्दी नाम : जार आमला, भूयी आमला

तेलुगू : नेलावुसारी

कन्नडा : कीरु - नेल्ली

बंगाली : भूयी आमला

मराठी : भूई - आवळा

प्राप्ति स्थान : यह एक छोटा औषधीय पौधा होता है और भारत के सभी गरम इलाकों मे पाया जाता है।

उपयुक्त भाग : पूरा पौधा

१. **पीलिया (कामला)** रोग हो जाने पर, भूयी आमला (पूरा पौधा) का कल्क बच्चों को १ चा चम्मच, **गर्भवती स्त्रियों को और नवजात शिशु की माँ** को (२-३ चा.चम्मच), नारियल के पानी के साथ खाने को दिया जाता है। (स्था.स्वा.प)

२. यदि नवजात शिशु की माँ को **प्रसव के बद मूत्र मार्ग में सूजन** हो जाय तो भूयी-आमला (पूरा पौधा) मट्ठे और हल्दी के साथ उबालकर खिलाने से लाभ होता है।

३. यदि स्त्रियों के **गर्भाशय से अत्यधिक रक्तस्राव** हो तो भूयी- आमला का कल्क (२-३ चा चम्मच) बनाकर उसे शहद में मिलाकर खिलाने से लाभ होता है।

मडूकी (मण्डूकपर्णी)



बोटानिकल नाम : हैड्रोकोटैल् एशियाटिका, लिन्

संस्कृत नाम : मण्डूकपर्णी

मलयालम : कुडङ्ल

तमिल : वल्लराइ

हिन्दी नाम : मडूकी

बंगाली : धुलाकुसी

गुजराती : कारब्राम्ही

तेलुगू : सरस्वती, बोकुडू-चेट्टू

कन्नडा : वोंडेलागा

मराठी : कारिवणा, एकपाणी

प्राप्ति स्थान : यह एक प्रकार की रद्धी छोटी घास है जिसे मोथा भी कहते है और पूरे भारत में सदा नमी से सरा बोर रहने वाली भूमियों में पैदा होती है।

उपयुक्त भाग : पूरा पौधा

उपयोग :

१. बच्चों में **मिर्गी (अपस्मार)** रोग को रोकने और उससे मुक्ति दिलाने के लिये मण्डूकपर्णी के पत्तों के रस की ३-५ बूँदे रोगी की नाक में डाली जाती है। (चि.मं)

२. मण्डूकपर्णी की पत्तियों के रस को गाय के घी से औषधीय घी बना लिया जाता है। यह घी **मस्तिष्क की शक्ति वर्धक** औषधी के रुप में बच्चों को शहद के साथ खिलाया जाता है। (च.स)

यही घी स्त्रियों को पुराने **श्वेत प्रदर** से मुक्ति पाने के लिये भी दिया जाता है। (स्था.स्वा.प)

३. यदि बच्चों को **त्वचा के रोग** हो जायँ तो मण्डूकपर्णी की पत्तियों के रस औषधीय तेल बनाकर उसे उनके पूरे शरीर में लगाया जाता है। (स्था.स्वा.प)

४. यदी बच्चा और जच्चा दोनों को **मुखपाक में** मण्डूकपर्णी की पत्तियों का रस मट्ठे के साथ उबालकर, उससे कुल्ला कराते है। (स्था.स्वा.प)

मुलैठी (यष्टीमधु)

बोटानिकल नाम	:	ग्लिसरैसा, ग्लाब्रा लिन्
संस्कृत नाम	:	यष्टीमधु
हिन्दी नाम	:	मुलैठी
मलयालम	:	इरट्टिमधुरं
तमिल	:	अतिमधुरं
गुजराती	:	जस्टिमड, जडोमहनोमूल, जेठोमधनो मूल, जेडीमघनो शीरो
तेलुगू	:	अतिमधुरम, यष्टिमधुकमु
मराठी	:	जेष्ठमध
बंगाली	:	यष्टो - मधु, यष्टिमधु
ओरिया	:	यष्टो-मधु
कन्नडा	:	जेष्टा-मडू, वल्लियष्टिमधु

उपयोगी अवयव : मूल

देश और हवामान : हिमालय के नीचे के प्रदेशों में पाया जाता है। पंजाब और काश्मीर मे भी मिलता है।

उपयोग :

१. **बच्चों के जुकाम, खांसी, और गले की खराबी में** मुलेठी का क्वाथ (३-६ चा.चम्मच) मधु (आधा चम्मच) के साथ दिया जाता है। (आ.चि)

२. मुलैठी को गाय के घृत में शुध्द करके **नये जन्मे हुए बालक के** दूसरे और तीसरे दिन (आधा चम्मच) दिया जाता है। (अ.हृ)

३. गला धिसा हुआ हो (दर्द के साथ) या बैठ गया हो तो मुलैठी को **मुह में रख के चबाये चूसना चाहिये।**

४. **मूत्र में जलन हो तो** इसकी जड को चूर्ण (२-३ चा चम्मच) करके दूध के साथ **प्रसुता को दिया जाता है।**

५. यदी **बच्चों को फुंसीयों में (विसर्प) जलन होती हो तो मुलैठी** (४५ ग्राम) और मोथा (१५ ग्राम) का क्वाथ बनाकर त्वचा के बाहर धोने के लिये बरते है। (अ.चि)

६. मुलैठी का चूर्ण (२-३ चा.चम्मच) मधु (आधा चम्मच) अथवा शक्कर के साथ **बालकों की हिचकीं में दिया जाता है।**

मुसली-कन्द (मुसली)

बोटानिकल नाम : कृर्कुलिगो ओर्कियोयडस्

संस्कृत नाम : मुसली, तालमुसली

हिन्दी नाम : मुसली कन्द, कलिमुसली

मलयालम : निलप्पन

तमिल : निलप्पनै

तेलुगू : नेलटिडि - चेट्टू, गड्डा, नेलतारु

मराठी : मुसळी

बंगाली : तालामूलि, तालमूली

कन्नडा : नेलडालि, लैला-ताडे, नेलनाडी

उपयोगी अवयव : कंद

देश और हवामान : भारत के सभी समतल प्रदेशों पर पाया जाता है।

उपयोग :

१. **श्वेत प्रदर में** मुसली कंद का क्वाथ (१२ चा.चम्मच) भोजन के पूर्व दो बार दिया जाता है। (वि.म)

२. **प्रसव के बाद** मुसली कंद का चूर्ण (२-३ चा.चम्मच) एक कटोरी दूध के साथ माता को दिया जाता है। यह बल्य है। (स्था.स्वा.प)

३. **यदी प्रसूता मे दूध आवश्यक मात्रा में न उत्पन्न होता हो तो** उसे मुसली कंद का चूर्ण (२-३ चा.चम्मच) एक कटोरी दूध और शक्कर के साथ दें। (अ.ह)

मूंग (मुद्ग)



बोटानिकल नाम : फसियोलस मुनगों लिन

संस्कृत नाम : मुद्ग

हिन्दी नाम : मूंग

मलयालम : चेरुपयर

तमिल : पच्चै-पेयरु

मराठी : मूग (हिखे मूग, पीवले मूग)

बंगाली : मूग

पंजाबी : मूँग

कन्नडा : हेसयेरू

तेलुगू : पच्चि पेसलू

उपयोगी अवयव : बीज

देश और हवामान : भारत के बहुत से प्रदेशों में इसकी खेती की जाती है।

उपयोग :

१. **प्रसव के बाद/ रोग के बाद की दुर्बलावस्था में** आहार के रुप में प्रयोग किया जाता है। (अ.ह)

२. **स्तनों का दूध यदि विकृत हो तो** मूंग का सूप दिन में तीन बार प्रसूता को पीने के लिए दिया जाता है। (अ.ह)

३. मूंग का चूर्ण **बच्चों को स्नान कराने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।** (स्था.स्वा.प)

४. तले हुए मूँग का क्वाथ (१२ चा.चम्मच) बनाकर उसमें मधु (आधा चम्मच) लाजा (१ चम्मच) और चीनी (१ चम्मच) मिलाये। इसका **उपयोग जलन, बुखार, उल्टी और पेशाब कम उतरता हो तो किया जाता है विशेषकर बच्चों में।** (स्था.स्वा.प)

मेथी (मेथिका)

बोटानिकल नाम	:	ट्रैगोनेल्ला फेनम् ग्रेष्यम लिन्
संस्कृत नाम	:	मेथिका
हिन्दी नाम	:	मेथी
मलयालम	:	उलुवा
तामिल	:	वेन्तयम
गुजराती	:	मेथी
तेलुगू	:	मेंतुलु, मेन्तिकूरा
मराठी	:	मेथी, बारिक मेथी, मोटी मेथी
बंगाली	:	मेथी, मेधी
पंजाबी	:	मेथी
कन्नडा	:	मेन्ते, मेथापक, मेन्तिया

उपयोगी अवयव : बीज

उपयोग :

१. इसके पत्ते और बीजों का इस्तेमाल किया जाता है। **प्रसव के बाद होते शरीर के दर्द, बुखार, जुकाम को कम करने के लिए** इसके पत्तों का व्यञ्जन के रुप में उपयोग किया जाता है। (स्था.स्वा.प)

२. **अतिसार और पेचिश में** बीजों का चूर्ण (१-२ चा.चम्मच) मधु के साथ दिया जाता है।

३. **यदि माता का दूध बालक को बदहज़मी करता हो तो दोनों को** इस औषध के चूर्ण का प्रयोग कराएं।

४. **कमर के दर्द में** मेथी का चूर्ण (१-२ चा.चम्मच) सूखे नारीयल, रोटी या गुड के साथ स्त्रियों को दिया जाता है। (स्था.स्वा.प)

मोथा (मुस्ता)

बोटानिकल नाम : सैप्रस रोटण्डस् लिन्

संस्कृत नाम : मुस्ता

हिन्दी नाम : मोथा, भद्रमोथा

मलयालम : मुत्तन्ञा

तमिल : कोर - लुजाहंगु - मुत्तगै, कोरथ

गुजराती : मोथ्था, बारीक मोथा, नागर मोथा

तेलुगू : तुगा - मुस्ता, वेरु, सकहतुगा

मराठी : मोथे, नागरमोथे

बंगाली : नागर मोदे, मुत्ता, नागरमुत्ता, मादला मुथा

कन्नडा : ताघल्लू, अबदुल्लू, मुस्ता, नागरमुस्ता, भद्रमुस्ता

उपयोगी अवयव : मूल (कंद)

देश और हवामान : गंगा के ऊपरी इलाकों मे बंगाल के पूर्ववार्ति प्रान्त, मध्यप्रदेश और दक्षिण भारत।

उपयोग :

१. **प्रसूता के स्तनों** पर मोथा का कल्क (२-३ चा चम्मच) लगाने से **स्तनों मे दूध बढता है।** (स्था.स्वा.प)

२. यदी **माता को स्तनों मे सूजन हो या दूध अशुध्द हो या विवर्ण दूध आता हो या फिर किसी भी प्रकार के मवाद का निर्माण होता** हो तो मोथा के क्वाथ का सेवन करना चाहिए। (प्रमाण १२ चा. चम्मच दिन मे दो बार काली पेट मे)(अ.हृ)

३. **बच्चों की पेचिश और वमन में** मोथा की जड़ के चूर्ण (एक चा.चम्मच) का कल्क बनाकर उसे थोडी मधु या माता के दूध के साथ सेवन करवाएं। (आ.चि)

४. मोथा, गिलोय और सोंठ का क्वाथ बुखार और बदहजमी में उपयोगी है। इस क्वाथ को **गर्भिणी, प्रसूता और बच्चों के** उपयोग में दिया जाता है। (डोसेज और विधी के लिये अन्त में देखिए) (अ.हृ)

५. **बालकों को भूख कम लगती हो और अपक्व मल आता हो तो मोथा की** जड २० ग्राम लेकर एक प्याले में रखे जिसमें समान मात्रा में दूध और पानी मिलाया हो और फिर आधा शेष रहने तक उबाले और बार बार उसका उपयोग करे। यह **बुखार और अतिसार की प्राथमिक अवस्था में उपयोगी है।** (प्रमाण ६-१२ चा.चम्मच दिन में दो या तीन बार भोजन के पहले)(आ.चि)

लताकरञ्ज (लता-करञ्ज)

बोटानिकल नाम : सीसाल्पीनिया बोल्डुसेल्ला फेलेमिगं

संस्कृत नाम : लता - करञ्ज, कंटकरंज

हिन्दी नाम : लता - करञ्ज, सागरघोल, करंजुवा

मलयालम : कषचि

तमिल : कलचिकै

मराठी : सागरगोटा, गञ्जगा

कन्नडा : करञ्जभेदु

बंगला : काँटाकरंज

तेलुगू : गच्चकाथ, गुच्चेपिक्का

गुजराती : कांकच

उपयोगी अवयव : बीज के अन्दर भाग

उपयोग :

१. **प्रसव के बाद गर्भाशय का संकोच** करने के लिए लताकरञ्ज बीज के अन्दर का भाग ४५ ग्राम्स, पिप्पली १५ ग्राम, के साथ चूर्ण करके दिन मे दो या तीन बार (१-२ चम्मच) दिया जाता है। (स्था.स्वा.प)

२. **पेट में वायु विकारों को रोकने** के लिए बीज के अन्दर का भाग (१-२ चम्मच) गरम पानी के साथ दिया जाता है। (स्था.स्वा.प)

३. **प्रसव के बाद यदी पेशाब रुका हुआ** हो तो बीज का कल्क (२-३ चम्मच) उदर पर लगाया जाता है। (स्था.स्वा.प)

शतावर (शतावरी)

बोटानिकल नाम : आस्परागस् रसिमोसस् वाईल्ड

संस्कृत नाम : शतावरी

हिन्दी नाम : शतावर

मलयालम : शतावरी

तमिल : तन्नीर - विट्नकिंलंगु, सदावरी

गुजराती : शतावर

तेलुगू : सदावरी, पिल्ली-तुगा

कन्नडा : शतामूल

मराठी : शतावर-मूल, शतवरी

बंगाली : शतावरी

असामीया : हयमुलि

उपयोगी अवयव : मूल (कन्द)/पत्ते

देश और हवामान : भारत के सभी उष्ण और कम उष्ण प्रदेशों में, काश्मीर से पूर्वार्थ प्रांत के हिमालय में ४००० फीट ऊपर तक

उपयोग :

१. शतावर मूल १२० ग्राम को कूटकर दो लीटर दूध के साथ उबालकर दें। यह **गर्भस्थापक और गर्भवृध्दी के लिये** उपयोगी है। (प्रमाण - एक कप दिन में तीन और चार बार)(अ.ह)

२. यह देखा गया है कि यदी **गर्भिणी** शतावरी का उपयोग करे तो वह **पुष्ट बालकों को जन्म** देती है। (स्था.स्वा.प)

३. यदी स्त्री को **पीलिया हो और वह कृश हो तो** शतावरी चूर्ण (२-३ चम्मच) एक कप दूध के साथ तीन हफ़्ते तक दे। यह **शरीर का वजन बढाता है और गर्भवृध्दी करता है।** (च.द)

४. शतावरी चूर्ण (२ चा.चम्मच) उबाले हुए एक कप पानी के साथ, देने से **श्वेत प्रदर या रक्त प्रदर बन्द हो** जाता है। (स्था.स्वा.प)

५. **कब्ज, मल में रक्त आता हो तो** शतावरी को (१२० ग्राम) उबाले हुए एक लीटर पानी अथवा दूध के साथ थोडी चिनी मिलाकर दे। (प्रमाण एक कप तीन या चार बार)(स्था.स्वा.प)

६. गर्भावस्था के समय यदी सूजन और मूत्र की रुकावट **हो तो शतावरी का** ताजा रस (६ चाय के चम्मच) शक्कर के साथ दे। (चि.मं)

७. **गर्भावस्था के समय यदी जलन और बार बार दर्द के साथ** पेशाब आता हो तो शतावरी का क्वाथ पियें।(६ चा.चम्मच तीन या चार बार) (आ.चि)

८. शतावरी मूल का स्वरस (३ चा चम्मच) आधा कप दूध के साथ **बच्चों को मिर्गि (अपस्मार) में दे।** (स्था.स्वा.प)

९. शतावरी के मूल का दूध में बनाया हुआ क्वाथ **प्रसूता को दूध बढाने के लिये दिया जाता है** २० ग्राम शतावरी मूल को एक लीटर पानी और एक लीटर दूध के साथ उबालकर दे।(प्रमाण एक कप दिन मे तीन बार)

अदरख, सोंठ (शुण्ठी/आर्द्रकम्)

बोटानिकल नाम : जिंझिबर औफिसिनेल् रोस

संस्कृत नाम : शुण्ठी, आर्दकम

हिन्दी नाम : सोंठ(सूखा), अदरक

मलयालम : चुक्कू (सूखा) इन्जि (ताजा)

तमिल : चुक्कू (सूखा) इन्जि (ताजा)

गुजराती : अडु

तेलुगू : अल्लम, सोठ

मराठी : आलें, सुंठ

बंगाली : अदक

पंजाबी : अद्रक

कन्नडा : शुंठि

उपयोगी अवयव : मूल

देश और हवामान : विशेषकर दक्षिण भारत में उगाई जाती है। और गरम-भीगे प्रदेश में भी बडे पैमाने पर पायी जाती है।

उपयोग :

१. सोंठ (एक चम्मच) थोडी नमक और गुड के साथ **प्रसव के बाद** आहार के रुप में उपयोग में लाई जाती है। यह **भूख बढाने के लिये** उपयोगी है। (अ.हृ)

२. अरुचि या स्वाद के कम होने पर **सोंठ या आर्द्रक का छोटा टुकडा भोजन के** ठीक पहले लिया जाता है। (स्था.स्वा.प)

३. सोंठ (१५ ग्राम) गिलोय (४५ ग्राम) के साथ **बुखार में साधारण चिकित्सा** के रुप में लाया जाता है। (प्रमाण १-२ चा.चम्मच) (अ.हृ)

४. **बदहजमी के कारण हुए अतिसार में** (१५ ग्राम) सोंठ (५ ग्राम) गुड के साथ कल्क के रुप में दी जाती है। यह **प्रसूती के बाद पूरे शरीर की सूजन, छींक और नासावरोध में भी उपयोगी है।** (प्रमाण १-२ चा.चम्मच)(अ.हृ)

५. **उदरशूल (पेट का दर्द) या उल्टी (वमन) में** सोंठ का क्वाथ (१२ चा.चम्मच) या (१-२ चा.चम्मच) चूर्ण बरता जाता है। (आ.चि)

६. आर्द्रक (५ ग्राम) सैन्धा नमक (१ ग्राम) या निम्बू स्वरस (१ चा.चम्मच) के साथ भोजन के पहले लिया जाए तो वह **जीभ और कण्ठ की शुध्दी करता है और भूख बढाता है। (स्था.स्वा.प)**

७. सूखा अदरक एक भाग, गुड दो भाग काले तिल बगैर छिल्के के एक भाग, इन सब का चूर्ण गरम दूध के साथ **प्रसव के बाद होनेवाले योनीशूल में दिया जाता है।** (प्रमाण १-२ चा.चम्मच तीन या चार बार) (स्था.स्वा.प)

हरड (हरीतकी)

बोटानिकल नाम : टेर्मिनिलिया चेबुला रेट्रस्

संस्कृत नाम : हरीतकी

हिन्दी नाम : हरड, हर्र

मलयालम : कडुक्का

तमिल : कडुक्काय,

गुजराती : हिमेज, पिलो-हरडे,

तेलुगू : करक्काय, करकचेट्टू

कन्नडा : अणिलेय, प्रशसे

मराठी : हरडा, हिरडा

उपयोगी अवयव : फल

देश और हवामान : सारे भारत के पहाडी इलाकों में।

चेतावनी : यह औषध गर्भावस्था के समय न दे।

उपयोग :

१. फल का (दो और तीन) बाहरीश्तर आधा लीटर पानी में उबालकर **प्रसव के बाद की कब्ज और बदहजमी में** दिया जाता है। (प्रमाण एक कप) (स्था.स्वा.प)

२. खांसी में फल का चूर्ण (आधा चम्मच) मधु (आधा चम्मच) और पिप्पली के चूर्ण (२ ग्राम) के साथ **बालकों को** दिया जाता है। (आ.चि)

३. हरड के फल का चूर्ण (१ चा.चम्मच) मोथा (१ चा.चम्मच) और **मुलैठी** (१ चा.चम्मच) के साथ **माता और बच्चे को पेशाब कठिनाई से उतरता हो** तब दिया जाता है। (वि.म)

हरियाली (दूर्वा)

संस्कृत नाम : दूर्वा

बोटानिकल नाम : सैनोडन् ड्रोक्टीलोन, परसन

मलयालम : करुकपुल्लु

तमिल : अरुवम-पुल्लू

हिन्दी नाम : दूर्वा, हरियाली, हरिदूब

पंजाबी : टल्ला

बंगाली : दूर्बा, दुभ

कन्नडा : गरिकाए

तेलुगू : हरवाली, दूलु, गरिकेग

मराठी : दूर्वा

उगाने का स्थान : यह एक बारह मासी - चिरस्थायी घास है जो पूरे भारत में पाई जाती है।

उपयुक्त भाग : पूरा पौधा

उपयोग :

१. यदि छोटे बच्चों के **शरीर पर लाल रंग के चकते या फोड़े फुन्सी हो** जायँ तो दूर्वा के १-२ चा.चम्मच रस को मक्खन में मिलाकर रोग ग्रस्त भागों पर लगाया जाता है। (चि.मं)

२. यदि बच्चों के **दाद का त्वचारोग** हो गया हो तो दूर्वा कल्क और तिल कल्क (३ चा.चम्मच) को आधा कप दूध के साथ रोग ग्रस्त भागों पर लगाये। (चि.मं)

३. यदी बच्चों को **त्वचा रोग** हो जाय तो दूर्व रस से बनाया गया औषधीय तेल रोग ग्रस्त भागों पर लगाया जाता है। इससे **मांस पेशियों को शक्ति मिलेगी।** (चि.मं)

४. यदि गर्भाशय से **अत्यधिक रक्तस्राव** हो रहा हो तो २-३ चा.चम्मच दूर्वा का रस १ चा. चम्मच शहद के साथ मिलाकर सेवन करने से लाभ होगा। (स्था.स्वा.प)

५. यदि बच्चों के **नाक से खून निकल रहा हो ते दूर्वा के रस को** गाय के दूध में मिलाकर २-५ बूंदे रूई में भिगोकर रखने से लाभ होगा। (स्था.स्वा.प)

हल्दी (हरिद्रा)

बोटानिकल नाम : कुर्कुमा लोंगा लिन्

संस्कृत नाम : हरिद्रा

हिन्दी नाम : हल्दी

मलयालम : मंजल

तामिल : मंजल

गुजराती : हलादा, हलदर

तेलुगू : पसुपू, हरिद्रा

बंगाली : हालड, हलुट

पंजाबी : हलजा, हलदि

कन्नडा : हलदि, अर्शिना

मराठी : हळद

उपयोगी अवयव : मूल

देश और हवामान : समग्र भारत में पाया जाता है। विशेषकर बंगाल, मलबार और कनरा में

उपयोग :

१. हल्दी और तेल का कल्क (आधा कप) **प्रसव के तुरन्त प्रसुता शरीर पर लगाकर स्नान किया जाता है। त्वचा के लिये हित कर है।**

२. हल्दी चूर्ण (१ चा.चम्मच) धृत (आधा चम्मच) और मधु (२ चम्मच) के साथ **प्रसव के बाद गर्भाशय शुध्दी और उसे बल देने के लिए दिया जाता** हैं। प्रमाण आधा - एक चम्मच (च.द)

३. नये जन्म हुए बच्चे को हल्दी (२-३ चम्मच) दूध के साथ बनाया हुआ कल्क का लेप लगाया जाता है। यह **त्वचा को शुध्द करता है।**

४. **बच्चों के त्वचा के विकारो में** हल्दी (१ चा.चम्मच) और मोथा (१ चा.चम्मच) का लेप लगाया जाता है। (आ.चि)

५. इसकी जड भोजन में मसाले के रुप में उपयोगी है।

६. **बच्चों के त्वचा के रोगों में** (१ चा.चम्मच) हल्दी और निम्ब पत्रों (२० ग्राम) का कल्क त्वचा के उपर लगाया जाता है। (अ.हृ)

७. **चेहरे की कान्ति बढाने के लिए** हल्दी को दूध में कल्क बनाकर (१-२ चा.चम्मच) चेहरे पर लगाया जाता हे। (स्था.स्वा.प)

८. **चमडी के रोगों में** हल्दी का क्वाथ क्षालन में (धोने मे) बरता जाता हैं।

औषधियाँ बनाने की विधि एवं मात्रा

१. काढा / क्वाथ

: काढा बनाने के लिए सब से अच्छा पात्र मिट्टी का है ।

इस के अभाव में स्टैनलेस स्टील भी उपयोग में लाया जा सकता है। एक दिन के लिये क्वाथ बनाना हो तो १२ चाय का चम्मच (६० ग्राम) कच्चे औषधीय द्रव्यों को १ लीटर (८-१० कप) पानी में उबालें। जब पूरी उबालकर मात्रा २५० मि.लि. तक हो जाए तो उबालना बंद करे। क्वाथ को अब छान लें। छानने के लिए साफ कपडे का इस्तेमाल करें। इसका सेवन दिन में दो बार (प्रात:काल और सायंकाल) खाली पेट करें। यह कवोष्ण होना चाहिये। मात्रा १२ चाय का चम्मच यह मात्रा वयस्कों के लिए है। बच्चों के लिए निम्नलिखित सामान्य मात्रा दे सकते हैं।

उम्र	क्वाथ	उम्र	क्वाथ
१ मास	.५० मि.लि	२ साल	१० मि.लि
२ मास	१.०० मि.लि	३ साल	१४ मि.लि
३ मास	१.५० मि.लि	४ साल	१८ मि.लि
४ मास	२.०० मि.लि	५ साल	२१ मि.लि
५ मास	२.५० मि.लि	६ साल	२६ मि.लि
६ मास	३.०० मि.लि	१० साल	४२ मि.लि
१२ मास	६.०० मि.लि	१६ साल	४८ मि.लि

१६-६० साल ६८ मि.लि (१२-१३ चाय का चम्मच)

3636
COMMUNITY HEALTH CELL LIBRARY AND DOCUMENTATION UNIT BANGALORE.

२. चूर्ण : सूखे औषधीय द्रव्यों का बारीक चूर्ण बनाकर सूखी बोतलों मे रखें। यह चूर्ण ६ महीनों तक रखा जा सकता है।

३. कल्क : कल्क बनाने के लिए औषधीय द्रव्यों को पानी या कोई विशेष प्रवाही के साथ पीसा जाता है। यह दूसरे दिन इस्तेमाल नही किया जा सकता।

उम्र	चूर्ण-कल्क	उम्र	चूर्ण - कल्क
१ मास	१२५ मि.ग्राम	२ साल	२.५० ग्राम
२ मास	२५० मि.ग्राम	३ साल	३.५० ग्राम
३ मास	३७५ मि.ग्राम	४ साल	४.५० ग्राम
४ मास	५०० मि.ग्राम	५ साल	५.५० ग्राम
५ मास	६२५ मि.ग्राम	६ साल	६.५० ग्राम
६ मास	७५० मि.ग्राम	१० साल	१०.५० ग्राम
१२ मास	१५०० मि.ग्राम	१६ साल	१६.५० ग्राम

१६ - ७० साल १६.५० ग्राम

(५ ग्राम - १ चाय का चम्मच)

मात्रा का आधार रोगों की तीव्रता एवं रोगी के बल के अनुसार होता हैं।

४. स्वरस : कच्चें औषधीय द्रव्यों को थोडे पानी के साथ साफ बर्तन में पीसें।
इसको निचे साफ सफेद कपडे में लेकर उस कपडे को निचोडकर स्वरस ग्रहण करें।
स्वरस रोज ताजा बनाना चाहिये और दूसरे दिन तक नही रखना चाहिये ।
मात्रा निम्नलिखित है।

उम्र	स्वरस	उम्र	स्वरस
१ मास	.२५ मि.लि	२ साल	५ मि.लि
२ मास	.५० मि.लि	३ साल	७ मि.लि
३ मास	.७५ मि.लि	४ साल	९ मि.लि
४ मास	१.०० मि.लि	५ साल	१० मि.लि
५ मास	१.२५ मि.लि	६ साल	१३ मि.लि
६ मास	१.५० मि.लि	१० साल	२१ मि.लि
१२ मास	३.०० मि.लि	१६ साल	३४ मि.लि

१६ - ७० साल ३४ मि.लि (६-७ चाय का चम्मच)

औषध जीर्ण हो जाने के बाद (लगभग १-२ घंटे के बाद) ही आहार का सेवन करें।

मात्रा का आधार रोगी की पाचनशक्ति और औषध के कर्म की तीव्रता एवं रोगी बल के अनुसार होता है।

५. तैल - घृतः

तैल और घी बनाने की पध्दतियाँ एक समान ही है। तैल बनाने के लिए आधार द्रव्य तैल और घी बनाने के लिए आधार द्रव्य घी होने चाहिए। आम तौर पर तैल के लिए तिल तैल और घी के लिए गाय का घी इस्तेमाल करते है।

क्वाथ, कल्क और तैल/घी को अच्छी तरह कांस्य के पात्र में मिला लें और सारे पानी का बाष्पीभवन हो जाने तक उबालें।

द्रव्यों कि मिलावट - मात्रा निम्नलिखित है।

कच्चे औषधीय द्रव्यों का क्वाथ - ४ किलो

कच्चे औषधीय द्रव्यों का कल्क - २५० ग्राम

घी - तैल - आधार के लिए - १ किलो

खास बनावटों में यदि दूध, ताजा औषधीय स्वरस या छाँछ जैसे प्रवाहीयों का उपयोग करना हो तो क्वाथ और प्रवाही की मात्रा समान होनी चाहिए।

तैल की बनावट में, अच्छी गुणवता प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखकर उबालना बंद करे।

१. तैल के उपरीस्तर पर झाग - बुदबुदें होना प्रारंभ हो।

२. अभ्यन्तर प्रयोग के लिए पात्र के अन्दर का कल्क कीचड के रुप में हो जाना चाहिए। (चिक्कण पाक)

३. यदि नस्य के लिए प्रयोग करना हो तो कल्क तन्तु - धागे या गोलाकार रुप में होना चाहिए (मृदु पाक)

४. यदि बाह्योपचार के लिए हो तो पात्र के अन्दर का कल्क सुखी थूलि के तरह होना चाहिये (खर पाक)

सामान्य मात्राः

बालकों के लिये : १ मि.लि - ३ मि.लि (तैल) (आधा चा. चम्मच)
२ मि.लि - ५ मि.लि (घी) (एक चा.चम्मच)

वयस्कों के लिये : ५ मि.लि - १० मि.लि (तैल) (दो चा. चम्मच)
५ मि.लि - १५ मि.लि (घी) (तीन चा. चम्मच)

औषध की मात्रा पच जाने के बाद ही आहार का सेवन करें।

मात्रा का आधार रोगी की पाचनशक्ति, रोग की तीव्रता और औषध के कर्म पर निर्भर है।

LSPSS PUBLICATIONS

List of Publications (English)			Price Members	Non-Members	Published From
News Letter			Free to Members		LSPSS Secretariat P.B. No: 7102,Ramanathapuram (PO) CBE-45
Medicinal Plants useful in MCH (Hindi)	Vol I&II	Printed	Rs. 45/-	55/-	
Medicinal Plants useful in MCH	Vol.I	Xerox	35/-	45/-	"
Medicinal Plants useful in MCH	Vol.II	Xerox	35/-	45/-	"
Medicinal Plants useful in PHC	Vol.I	Xerox	30/-	40/-	"
	Vol.II	Xerox	30/-	40/-	"
Medicinal Plants useful in PHC (Hindi)	Vol.I	Xerox	40/-	50/-	"
Medicinal Plants useful in PHC (Hindi)	Vol.II	Xerox	40/-	50/-	"
Compound Formularies (50 Decoctions)	Vol.I	Xerox	25/-	35/-	"
Compound Formularies (50 Oils)	Vol.II	Xerox	25/-	35/-	"
Compound Formularies (50 Choornas)	Vol.III	Xerox	25/-	35/-	"
Visha Chikitsa		Xerox	20/-	30/-	"
Diet Calendar		Xerox	10/-	15/-	"
Nursery News		Xerox	10/-	15/-	"
Bala Chikitsa		Xerox	20/-	30/-	"
Line drawings of Medicinal Plants Identification	Vol.I	Xerox	75/-	100/-	"
Line drawings of Medicinal Plants Identification	Vol.II	Xerox	75/-	100/-	"
Line drawings of Medicinal Plants Identification	Vol.III	Xerox	75/-	100/-	"
Line drawings of Medicinal Plants Identification	Vol.IV	Xerox	75/-	100/-	"
Line drawings of Medicinal Plants Identification	Vol.V	Xerox	75/-	100/-	"
Line drawings of Medicinal Plants Identification	Vol.VI	Xerox	75/-	100/-	"
8 Siddha Preparations useful in PHC		Printed	20/-	30/-	"
Netra Chikitsa		Xerox	20/-	30/-	"
Chikitsa Kowthukam (Malayalam)		Printed	540/-	600/-	
MONOGRAPHS					
1.Ayurvedic principles of Food and Nutrition	(Part II)	Printed	50/-	60/-	LSPSS Publication Divn. C/o. Sree Chakra Foundation No.14, II Street, Gopalapuram South, Madras - 600 086.
2. Mother and Child Care In Traditional Medicine	(Part I)	Printed	30/-	40/-	
3.Mother and Child Care In Traditional Medicine	(Part II)	Printed	30/-	40/-	
4. Marma Chikitsa in Traditional Medicine		Printed	30/-	40/-	
5. Nidaana		Printed	40/-	50/-	
6. Bheshaja Kalpana		Printed	30/-	40/-	
7. Vrikshayurveda An Introduction to Indian Plant Science		Printed	50/-	60/-	
8. Plant Propagation Techniques in Vrikshayurveda		Printed	40/-	50/-	
Book on 300 Medicinal Plants used by Adivasis in Maharashtra (in Marathi)		Printed	20/-	20/-	Academy of Development Science At/Po: Kashele Tlk: Karjat, Dist. Raigad, Maharashtra - 410 201.

POSTAGE AND PACKING CHARGES EXTRA

लोस्वापसंस (LSPSS)

समिति के उद्देश्य

- देश में विद्यमान लोक स्वास्थ्य परंपराओं के सर्वेक्षण और अभिलेखन का काम सम्पन्न कराना।
- प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं अभिलेखन केन्द्रों की स्थापना करना।
- लोक - चिकित्सकों के लिए छात्रवृत्तियां तथा अध्ययन एवं यात्रा अनुदान की व्यवस्था करना।
- देशी स्वास्थ्य वैज्ञानिकों को तथा संवर्धन कार्य में अंशदान कर सकने वाले अन्य व्यक्तियों तथा समूहों का एक सक्रिय नेटवर्क तैयार करना।
- नीति विषयक अध्ययन को संचालित एवं प्रोत्साहित करना तथा उसके आधार पर सभी सम्बद्ध लोगों को परामर्श देना और उन परामर्शो के क्रियान्वयन के लिए प्रयास करना।
- औषधीय वनस्पतिशालाओं, उद्यानों और वनों की स्थापना करना तथा विभिन्न व्यक्तियों, संस्थाओं और स्थानिक निकायों आदि के सहयोग उनका संवर्धन करना।
- लोक स्वास्थ्य परम्पराओ को समाविष्ट करने वाले देशी स्वास्थ्य विज्ञान से सम्बन्धित वैज्ञानिक शिक्षण सामग्री का अभिकल्पन, प्रचार-प्रसार तथा प्रोन्नति एवं इस प्रकार की सामग्री को स्कूलों, कालेजों तथा अन्य शिक्षा संस्थाओं के पाठ्य क्रमों में समाविष्ट कराने के लिए प्रयत्न करना।
- इस क्षेत्र में होने वाले कार्यो का मूल्यांकन करने, सूचनाओं के प्रचार-प्रसार तथा अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए सम्मेलनों, प्रदर्शनियों तथा कार्यशालाओं आदि का आयोजन करना।

संपर्कका पता :

सचिव :

लोक स्वास्थ्य परंपरा संवर्धन समिति

पो.बाक्स ७१०२, कोयंबतूर - ६४१ ०४५.

Laser Typeset & Off-Set Printed at
Graphic Arts
189, Chinnasamy Naidu Road, Coimbatore - 641 044 Phone : (0422) 47947